## खबर संक्षेप

### एक प्राथमिक शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी

**छिंदवाड़ा।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाडा श्री सतेन्द्र सिंह मरकाम द्वारा प्राथमिक शाला कच्चीखानी के प्राथमिक शिक्षक श्री सुनील कुमार धुर्वे को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुये स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है । सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाडा श्री मरकाम ने बताया कि संकुल केन्द्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनोतिया के संकुल प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार प्राथमिक शाला कच्चीखानी के प्राथमिक शिक्षक श्री सुनील कुमार धुर्वे बिना पूर्व सूचना के 11 जून 2024 से लगातार शाला से अनुपस्थित है। संकुल स्तर से श्री धुर्वे को कारण बताओ नोटिस जारी कर जबाव चाहा गया, किन्तु श्री धुर्वे द्वारा जबाव भी प्रस्तुत नहीं किया गया है । प्राथमिक शाला कच्चीखानी के प्राथमिक शिक्षक श्री धुर्वे का यह कृत्य पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही, कार्य के प्रति उदासीनता को प्रदर्शित करता है। साथ ही म.प्र.सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (1) (एक) (दो) (तीन) के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है।

### सौंसर में दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर आज

**छिंदवाड़ा।** भारत सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत जिले में निवासरत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में विकासखंडवार पात्र दिव्यांगजनों को 18 से 27 जुलाई तक सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग वितरण शिविरों का आयोजन किया गया है। इन शिविरों में चिन्हांकित दिव्यांगजनों को उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा आयुक्त नगरपालिक निगम, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों और अन्य संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं ।

### उपचुनाव में भाजपा नेता द्वारा शराब बांटने के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर था कार्यक्रम

# टीआई, पुलिस अधिकारियों की सजगता से गोंडवाना का पुतला दहन कार्यक्रम विफल

हरिभूमि न्यूज ⏩ तामिया





अमरवाडा विधानसभा उपचुनाव में बूथ क्रमांक 31 पर आचार संहिता का उल्लंघन कर 100 मीटर के दायरे के अंदर शराब गोंडवाना के कार्यकर्ताओं ने पकड़ी थी और पुलिस को सौपा था, लेकिन सत्ता पक्ष के होने के कारण कार्रवाई नहीं की गई तब 12 जुलाई को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने महामहिम राज्यपाल के नाम आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने का ज्ञापन मय जुलूस के दिया था। लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने की दशा मे देव रावेन भलावी के नेतृत्व में सांसद का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया था। पुतला दहन के पूर्व सभी कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी एवं प्रशासन के खिलाफ भाषण दिए और पुतला दहन करने के लिए तैयारी पूरी की गई थी। लेकिन जिले एवं आजू-बाजू के थानों से भारी पुलिस बल पुतला दहन रोकने तैनात किया गया था। पुतला दहन ना हो इसके लिए वाटर कैनन के लिए फायर ब्रिगेड तैयार था। माता मंदिर के सामने जगह कम पड़ने के कारण पुतला दहन के लिए गोंडवाना के कार्यकर्ता रैली के रूप में नारे लगाते हुए तामिया थाने के सामने पुतला दहन करने का निश्चय किया। लेकिन तामिया टी आई विजय सिंह ठाकुर शाहित सभी थानों से आए बल एवं वरिष्ठ अधिकारी पूरी तरह से सजग थे और उन्होंने चारों तरफ नजर रखकर पुतला दहन को असफल बनाने के लिए पूरे प्रयास किये तामिया पुलिस की तत्परता से जैसे ही एक बोरी में छोटा पुतला भरकर कार्यकर्ताओं ने दहन करने का प्रयास किया तो तामिया टी सहित सभी पुलिस कर्मियों ने कार्यकर्ता के हाथ से पुतला छुड़ाकर पुलिस भाग निकली और पुतला तामिया थाने में रख दिया, इस तरह पुलिस की सतर्कता से पुतला दहन कार्यक्रम असफल हो गया। गोंडवाना के नेता एवं विधानसभा उम्मीदवार देव रावेन ने अपने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया। यदि पुलिस द्वारा आरोपियों पर शीघ्र कार्रवाई नही की गई तो भविष्य मै कार्रवाई के लिए हम उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। और हम दोबारा पुतला दहन करेंगे। इस तरह आज गोंडवाना के कार्य करता एवं पुलिस प्रशासन के बीच लुका छुपी के बीच तामिया टीआई सहित सभी पुलिस अधिकारियों की तत्परता से पुतला दहन नहीं हो पाया।

# कांग्रेस विधायक एवं नगर कांग्रेस ने राजनीतिक दल को जमीन देने पर लगाई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏩ पांढुर्णा



आज दोपहर में कांग्रेस विधायक निलेश उईके एवं नगर कांग्रेस कमेटी ने ग्राम मौजा ब्रम्हणी, प.ह.न. 53ब.नं. 262, रा.नि.मं. पांढुर्ना तहसील व जिला पांढुर्ना में स्थित ख.नं. 499/2 रकबा 0.883 की भूमि पर किसी भी राजनीतिक दल को पट्टा आर्वटित करने पर लिखित रूप में आपत्ति दर्ज की। आज इस बाबत विधायक पांढुर्ना एवं नगर कांग्रेस पांढुर्ना ने अपने लेटर पैड पर आपत्ति पत्र ना. तहसीलदार संध्या रावत को दिया। विधायक एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में लिखा है कि ये पर्यावरण प्रेमी है और इस जमीन पर 200 से अधिक हरे भरे पेड है।

घोर आश्चर्य की बात यह है कि गत 16 जुलाई को जिला कांग्रेस कमेटी पांढुर्ना इसी खसरे एवं रकबे पर जिला कांग्रेस पार्टी के कार्यालय के लिए भूमि के पट्टे की मांग की थी। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश झलके ने बाकायदा कुछ कांग्रेसियों के साथ एडिशनल कलेक्टर नीलमणी अग्निहोत्री से भेंट कर इस आशय का पत्र प्रस्तुत किया था। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के लिए भूमि की मांग करते समय आज अपने लेटर पैड पर आपत्ति उठाने वाले नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जयंत घोडे भी मौजूद थे।

यहां उल्लेखनीय है लगभग डेढ दो माह पूर्व जिला भाजपा संगठन द्वारा पार्टी कार्यालय के लिए उक्त भूमि पर पट्टा मांगा गया था। गत 16 जुलाई को जिला कांग्रेस द्वारा इसी भूमि पर पट्टे की मांग की गई और इस दौरान नांदनवाडी क्षेत्र के कोयतोड छात्र संगठन एवं सर्व आदिवासी भवन निर्माण समिति ने भी एसडीएम नेहा सोनी को पत्र देकर उक्त खसरे एवं रकबे वाली भूमि पर पट्टा चाहा है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं बेहतर बनाने का प्रयास

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा ग्रामीण क्षेत्रों की शासकीय शालाओं में शिक्षकों और स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य कर्मियों की कमी को लेकर सासद श्री बंटी विवेक साहू ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के माध्यम से दौरे के दौरान लगातार मिल रही शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह को पत्र लिखकर ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय शाला में शिक्षकों और स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति सुनिश्चित करने के लिए अवगत कराया है। ग्रामीणों ने सांसद से शिकायत की थी की स्कूल है लेकिन शिक्षकों की कमी है जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य कर्मियों की कमी से स्वास्थ्य की सुविधाओं पर असर पड रहा है।

# 10 वाहनों से वसूल किया 64440 रूपये का जुर्माना

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगवाने पर 3 वाहनों पर चालानी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज छिंदवाड़ा-नागपुर मार्ग में सभी वाहनों की बारीकी से जांच की गई। जिसमें सवारी बसों, ऑटो रिक्शा व सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों के सभी दस्तावेजों जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वैध लाइसेंस आदि की जाँच की गई। साथ ही जाँच के दौरान वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार आदि की जांच भी की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई ।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि छिंदवाड़ा-नागपुर मार्ग में वाहनों की चैकिंग की जानकारी मिलने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और उन्होंने अपने रास्ते को बदल लिया। मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 10 वाहनों से 64440 रूपये का जुर्माना लिया गया । वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के संबंध में भी जांच की जा रही है, जिसमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगवाने पर 3 वाहनों पर 1500 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई । उन्होंने बताया कि वाहन संचालकों को समय-समय पर मीटिंग लेकर समझाईश दी जा रही है कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। सभी वाहन स्वामियों को हिदायत दी है कि वे सभी अपने-अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अतिशीघ्र लगवा लें और मोटरयान अधिनियम 1988 के सभी प्रावधानों का पालन करें।

### सीबीपी पर राम शांति विद्या मंदिर में आयोजित किया गया प्रशिक्षण

**पांढुर्ना।** गत दिवस राम शांति विद्या मंदिर में 'लर्निंग आब्जेक्टिव्स एवं लर्निंग आऊटकम्स' विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। इसकी शुरुआत में शाला प्राचार्या चारू गुलाटी एवं मैनेजर रोहित धवले ने रिसोर्स पर्सन राशि सिसोदिया (वाइस प्रिंसिपल ऑफ निर्मल पब्लिक स्कूल छिंदवाड़ा) एवं रशपाल सिंग (प्रिंसिपल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल गोरवाड़ा सिवनी) को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। विभिन्न मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि विद्यार्थियों को समान शिक्षण सामग्री, समान कक्षा वातावरण और समान शिक्षण निर्देशों के बावजूद छात्रों का प्रदर्शन समान नहीं है। ऐसे मुद्दे जो छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और भलाई पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। उन मुद्दों के समाधान के लिए प्रत्येक शिक्षक को कार्य करना होगा। सीबीपी द्वारा लक्षित शैक्षणिक सुधारों का लाभ उठाने के लिए छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के बारे में जागरूकता आवश्यक है। प्रशिक्षण में यह भी स्पष्ट किया गया है कि शिक्षकों को पेशेवर परामर्शदाता बनने की आवश्यकता नहीं, बल्कि शिक्षकों को बच्चों की समस्याओं की पहचान करने की जरूरत है। साथ ही शिक्षकों को पाठ योजना बनाते समय शिक्षण के उद्देश्य एवं शिक्षण के प्रतिफल में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने हेतु प्रशिक्षित करते हुए इनमें अंतर स्पष्ट किया गया। यह प्रशिक्षण ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं रोचक रहा। सभी शिक्षकों की जिज्ञासा एवं उत्सुकता पूर्वक भागीदारी रही। शाला प्राचार्या चारू गुलाटी ने आभार व्यक्त करते हुए इस एक दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया।

### छिंदवाड़ा गांधीगंज होल्ड फ्री का मामला जल्द सुलझाए सरकार

**छिंदवाड़ा।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से मंत्रालय वल्लभ भवन स्थित सभाकक्ष कमांक सी-325, वी.बी.-2 में प्रदेश के समस्त 16 नगरपालिक निगमों के महापौर गण तथा आयुक्तों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई । जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश के निकायों को वित्तीय रूप से सक्षम बनाना, आय के स्त्रोतों में वृद्धि, राज्य स्तर से नीतिगत स्वीकृति आदि विषयों पर चर्चा की गई। इस बैठक में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहके एवं नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय शामिल हुए। बैठक में छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके ने छिंदवाड़ा शहर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को विभागीय मंत्री के समक्ष रखा। महापौर ने विभागीय मंत्री से छिंदवाड़ा के ट्रांसपोर्ट नगर के कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए राज्य शासन के सहयोग की मांग की इसके साथ ही बैठक में महापौर ने छिंदवाड़ा के गांधीगंज लीज को फ्री होल्ड करने संबंधी विषय को भी नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के समक्ष रखा। इस कार्यशाला में निकाय को आत्मनिर्भर बनाने विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



# पानी निकासी को लेकर भुम्मा ग्रामीण पहुंचे तहसील

## घरों भर रहा पानी, नहीं हो रही निकासी, वार्डवासी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏩ सौंसर



ग्राम भूम्मा के ग्रामीणों नेपानी की निकासी एवं घरों में भर रहे बारिश के पानी को लेकर लगातार प्रशासन अधिकारियों से शिकायतें की जा रही है, ग्रामीणों ने समाधान नहीं होते देख तहसील कार्यालय में पहुंच कर देर शाम विरोध प्रदर्शन करते हुए समस्या का तत्काल समाधान करने की मांग अधिकारियों से की।

लगातार हो रही बारिश के कारण ग्रामीणों के घरों में पानी भर रहा है घर गृहस्ती का सामान बर्बाद हो रहा है जीवन यापन करने में कठिनाई हो रही है।समस्या के समाधान के लिए गुरुवार रात को ग्रामीण एक घंटा तहसील कार्यालय के सामने बैठे रहे। इस दौरान एसडीएम सिद्धार्थ पटेल द्वारा काम शुरू करने का आश्वासन देने पर ग्रामीण रात को गाव लौटे। ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे सुदामा मानमोडे ने बताया कि एसडीएम ने हमें आश्वास्त किया कि बारिश के पानी के निकासी का शुरू हुआ काम रोका नहीं जाएगा।

गौरतलब है कि बारिश के पानी की निकासी के लिए बुधवार की शाम से लोक निर्माण विभाग ने सड़क को काटकर नाली बनाने का काम शुरू किया था, जिसे गुरुवार को रोक दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश हुई तो फिर घरों में पानी घुसेगा। बारिश का पानी भरने से गांव में एक ग्रामीण का मकान धराशाही हो गया है।दर्जनों मकानों को नुकसान पहुंचा है, स्कूल व आंगनबाड़ी में भी जलभराव हो रहा है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार मोहगांव नंदेवानी सड़क निर्माण के दौरान ग्रामीणों ने बारिश के पानी के निकासी की मांग की थी। दो सप्ताह पूर्व हुई बारिश से कई मकानों में पानी भर गया था। तब अधिकारियों ने व्यवस्था बनाने का आश्वासन दिया था।बावजूद इसके अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

### दूध से हुआ भगवान का अभिषेक, बहिराणा में झूमे भक्तगण

**छिंदवाड़ा।** श्री झूलेलाल चालीसा सेवा समिति और पूज्य सिंधी पंचायत के सानिध्य में श्री झूलेलाल चालीसा उत्सव का शुभारंभ शुक्रवार सुबह हुआ। भक्तजनों ने मोहन नगर स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में भगवान झूलेलाल जी का दूध से अभिषेक किया और ज्योत जलाई। भजनों-कीर्तन और अरदास के माध्यम से सिंधी समाज भगवान झूलेलाल जी से छिंदवाड़ा सहित पूरे विश्व की सुख-शांति और सम्रद्धि की कामना की गई। छिंदवाड़ा में अच्छी बरसात की प्रार्थना भी भगवान झूलेलाल साईं से की गई। इसके बाद बहिराणा साहिब की शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ हुई, जो पंकज टॉकीज के सामने रवि बलराम लालवानी के घर पहुँची। सारे रास्ते भगवान झूलेलालजी की फ़ौज ने सिंधी भजनों पर जमकर मौज मचाई। लालवानी निवास पर बहिराणा साहिब की सेवा के बाद प्रसाद वितरण हुआ। शाम को झूलेलाल मंदिर में आरती के बाद दीपदान हुआ। बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों और युवाओं ने दीपदान किया। इसके बाद मंदिर परिसर में भंडारा हुआ, सभी ने महाप्रसाद लिया। भगवान श्री झूलेलाल जी के मंदिर में चालीसा व्रत महोत्सव का आयोजन 19 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त को सम्पन्न होगा।

# सांसद बंटी साहू की चेतावनी, जिले में जल्द शुरू करें इंडस्ट्रियल पार्क

हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा-पांढुर्ना संसदीय क्षेत्र के सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने संसदीय क्षेत्र में औद्योगिक विकास के लिए पहल की उन्होंने सौंसर में बने छिंदवाड़ा प्लस डेवेलपर्स कंपनी के इंडस्ट्रियल पार्क के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। ज्ञात हो की यह इंडस्ट्रियल पार्क पिछले 10 वर्षो से आवंटित है ऐसे में सांसद बंटी विवेक साहू जी ने इस पर संज्ञान लेते हुए इंडस्ट्रियल पार्क के प्रतिनिधियों से चर्चा की और चेतावनी देते हुए इंडस्ट्रियल पार्क का शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के लिए कहा और शासन से औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव मदत दिलाने का आश्वासन दिया । इसमे कंपनी की और से आये डायरेक्टर सुनील पूरी, अभय जैन, शोएब मंसूरी, रुपेश परसाई सहित अन्य प्रतिनिधि सम्मिलित हुए । इंडस्ट्रियल पार्क के डायरेक्टर ने सांसद श्री बंटी विवेक साहू को अपने 10 वर्षो के विलंब के कारणों से अवगत कराया एवं सभी निर्माण कार्यो और इंडस्ट्रियल पार्क से सम्बंधित सभी क्लस्टर्स के विषय में जानकारी दी इसमें श्री बंटी विवेक साहू द्वारा इस इंडस्ट्रियल पार्क में फ़ूड एवं फर्नीचर क्लस्टर बनाने के लिए अपना सुझाव दिया और उन्होंने आश्वश्त किया की वह शीघ्र ही माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी से भेंट करके दोनों क्लस्टर को स्थापित करने के लिए पूर्ण सहयोग करेंगे उन्होंने कहा फ़ूड एवं फर्नीचर इंडस्ट्रीस के लिए छिंदवाड़ा और पांढुर्ना जिले में बहुत संभावनाएं है इसपर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, सांसद बंटी विवेक साहू ने मध्यप्रदेश शासन से इंडस्ट्रियल पार्क को मिलने वाली सभी अनुमति एवं अन्य सुविधाएं जल्द से जल्द प्रदान करवाने एवं इससे सम्बंधित स्थानीय प्रशासनिक बाधाओं का निराकरण भी शीघ्र कराये जाने आश्वासन दिया। सांसद बंटी विवेक साहू की मंशा है कि जिले में रोजगार के अवसर ज्यादा ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध हो इंडस्ट्रियल पार्क चालू होगा तो रोजगार बढ़ेंगे।

# 62 दिव्यांग हितग्राहियों को मिले उपकरण

## सांसद ने दिव्यांगों को फूल माला पहनाकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏩ परासिया



जनपद पंचायत परासिया के द्वारा आयोजित किए गए दिव्यांग सहायक उपकरण वितरण शिविर में शुक्रवार को 62 दिव्यांगों को उपकरण प्रदान किए गए । इस आयोजन में जिले के सांसद विवेक बंटी साहू प्रमुख रूप से उपस्थित हुए । उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगों को फूल माला पहनकर सम्मानित किया ।परासिया संगीतालय भवन में आयोजित दिव्यांग सहायक उपकरण वितरण शिविर में उपस्थित अतिथि सांसद विवेक बंटी साहू , भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव , परासिया विधायक सोहनलाल वाल्मीकि , जनपद अध्यक्ष आशा अशोक आम्रवंशी , उपाध्यक्ष जमील खान , परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय , भाजपा जिला महामंत्री परमजीत विज ने कार्यक्रम में अपना उद्बोधन दिया । सभी ने सरकार के द्वारा दिव्यांग जनों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया । साथ ही दिव्यांगों को हमेशा सम्मानित करने उनका सहयोग करने की बात कही । जनपद सीईओ रश्मि चौहान बताया , कि दिव्यांग जनों को बैटरी से चलने वाली ट्राईसाईकिल , बैसाखियां और अन्य उपकरण दिए गए । कार्यक्रम अनुसूचित जाति महिला मोर्चा के अध्यक्ष ज्योति डेहरिया , जिला पंचायत सदस्य अरुण यदुवंशी , कमलेश उईके , पगारा मंडल अध्यक्ष मनीष सोनू यादव , शिवपुरी मंडल अध्यक्ष देवीपाल , नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर भाजपा नेता मनमोहन डेहरिया , के अलावा सभी जनपद सदस्य मुख्य रूप से मौजूद रहे प्रशासनिक अधिकारियों एसडीम पुष्पेंद्र निगम एसडीओ पुलिस जितेंद्र सिंह जाट तहसीलदार योगिता बाजपेई मौजूद रहीं ।

### जामसांवली मंदिर में कलेक्टर-एसपी ने ली बैठक, 21 को मनाया जाएगा महा उत्सव

# गुरूपूर्णिमा को लेकर जामसांवली मंदिर में चल रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏩ सौंसर



गुरू पूर्णिमा के अवसर पर चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर जामसांवली मे होने वाले आयोजन के सबंध मे कलेक्टर अजय देव शर्मा पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी व्दारा बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।मिली जानकारी के अनुसार गुरु पूर्णिमा के अवसर पर चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर जामसांवली में भारी संख्या में भक्तों का आगमन होता है। मंदिर मे दर्शन को सुगम व्यवस्थित बनाने हेतु कलेक्टर एंव पुलिस अधीक्षक व्दारा स्थल निरीक्षण किया गया है।व्यवस्था के सबंध मे आयोजित बैठक में भक्तो के आगमन, दर्शन एंव प्रस्थान की व्यवस्था के सबंध मे विस्तृत विचार विमर्श किया गया। सी.सी.टी.व्ही कैमरो से मुख्य व्दार एंव पार्किंग स्थल से मंदिर तक निगरानी की जायेगी,मंदिर एंव परिसर के क्षेत्र मे साफ-सफाई मंदिर समिति के कर्मचारी के साथ साथ नगर पालिका सौसर को दि गई है।मुख्य नगर पालिका सौसर व्दारा फायर बिग्रेड की व्यवस्था किया जायेगी।मंदिर समिति व्दारा पेयजल हेतु पानी के कैम्पर उपलब्ध कराये जायेगें,गुरु पूर्णिमा पर आने वाले हजारों भक्तों के आवागमन सुरक्षा पेयजल व्यवस्था आदि को लेकर प्रशासन एवं श्री चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सावली कमेटी की ओर से व्यवस्थाएं की जाएगी। इस दौरान सौसर डीएसपी डीव्हीएस नागर, तहसीलदार श्रीमती भावना मलगाम, सौसर थाना प्रभारी ए बी मर्सकोले, श्री चमत्कारिक हनुमान मंदिर जाम सांवली कमेटी अध्यक्ष धीरज चौधरी आदि थे।

### आईटीआई बोरगांव में रोजगार मेले का आयोजन

**सौंसर।** लिटिल स्टेप प्राइवेट आईटीआई बोरगांव मध्यप्रदेश राज्य से सभी जिले के बैरोजगार युवक युवतियों के लिए मेगा रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।26 जुलाई को होने वाले रोजगार मेले में सीआईआई स्किल्स ट्रैनिंग सैंटर छिंदवाड़ा से 10 मल्टीनेशनल कंपनियां भाग ले रही हैं,जो युवाओं को चयनित करके प्रशिक्षण उपरान्त सीधे रोजगार से जोड़ेगी।आईटीआई में होने वाले रोजगार मेले में एल&टी कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, एसपीसीएल कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, कमिंस इण्डियालिमिटेड,जीएमआर , टोयोटा, वोल्टास, जेसीबी, हीरो और होटल ताज आदि शामिल है। संस्था संचालक अनिल खाबोलकर, प्राचार्य कैलाश धकाते ने बताया शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास हो एवंसाथ ही बच्चों को समय पर रोजगार उपलब्ध हो सके इस देश को लेकर समय-समय पर संस्था में कैंपस एवं रोजगार में लेकर आयोजन किया जाता है।

## ग्रामीण अंचलों के स्कूलों की दुर्दशा आई सामने

# तीन कक्षाएं, 66 बच्चे एक शिक्षिका के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



परासिया विकासखंड के ग्रामीण अंचलों में स्कूलों और शिक्षा व्यवस्था की दुर्दशा देखते ही बनती है । जिससे लगता है , कि शासन प्रशासन का ध्यान बेहतर शिक्षा देने की बजाय केवल शिक्षा भवनों के निर्माण की तरफ ज्यादा है । ब्लाक परासिया के ग्राम सूठिया के माध्यमिक शाला में केवल एक शिक्षिका पदस्थ है । जिसके भरोसे तीन कक्षाएं और 66 छात्र - छात्राएं हैं । शिक्षा प्राप्त करना हर व्यक्ति का मूलभूत अधिकार है । वहीं शासन प्रशासन का कर्तव्य है , कि वह बेहतर से बेहतर शिक्षा मुहैया कराए , लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में स्थित स्कूलों को देखने के बाद ऐसा लगता है , कि ग्रामीण अंचलों के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके इसके लिए कोई व्यवस्थाएं नहीं है । ग्राम सूठिया जनपद परासिया की ग्राम पंचायत बुदला पठार का एक ग्राम है । यहां माध्यमिक शाला है । जिसमें 66 बच्चे हैं और कक्षा छठवीं , सातवीं और आठवीं में अध्ययनरत है । इन तीनों कक्षाओं को केवल एक शिक्षिका के भरोसे छोड़ दिया गया है । अतिथि शिक्षकों कि अब तक कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई है । शिक्षा सत्र शुरू हुए आधा माह से अधिक गुजर गया है , लेकिन स्कूलों में व्यवस्थाएं चरमराई हुई है । यह स्थिति केवल सूठिया ग्राम के स्कूल की नहीं है , बल्कि ग्रामीण अंचलों में स्थित प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में देखने को मिल रही है । कहीं शिक्षकों का अभाव है , तो कहीं अन्य प्रकार की अवस्थाएं बनी हुई है । इसके उलट शहरी क्षेत्र में शिक्षकों की भरमार है । कई ग्रामीण स्कूलों में यह भी देखने को मिलता है , कि जो शिक्षक पदस्थ हैं , उनके स्थान पर कोई और ही पढ़ा रहा है । अवस्थाओं की चलते यह कहना मुश्किल होता है , कि शिक्षा व्यवस्था बेहतर हो सकेगी ।

### अचानक मकानों में आई दरारें, निरीक्षण करने पहुंचे नपा अध्यक्ष

**परासिया :** नगर पालिका परासिया के वार्ड क्रमांक पांच मैगजीन लाइन में स्थित कुछ मकानों में अचानक दरार आ गई । जिसकी जानकारी मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय , निर्माण कार्य के सभापति पवन सूर्यवंशी , नरेंद्र विश्वकर्मा नपा अमले के साथ निरीक्षण करने पहुंचे । यहां जिन घरों में दरारें आई हैं उनका जायजा लिया गया । साथ ही यह जानकारी लेने की कोशिश की गई कि अचानक दरारे कैसे आईं । नगर पालिका अध्यक्ष श्री मालवीय ने इस मामले की सूचना तत्काल एसडीएम पुष्पेंद्र निगम और पेंच कोयला क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक निर्मल कुमार को देकर निरीक्षण करने की बात कही है । जिन मकानों में दरारें आई हैं उन मकानों में रहने वाले लोग सकते में हैं । गौरतलब है , कि इस क्षेत्र से लगकर ही गणपति कोयला खदान मौजूद है । जहां से कई वर्षों तक कोयला खनन किया गया । अब यह खदान बंद है , लेकिन इस खदान की सुरंगे आसपास की परिधी में बहुत दूरी तक फैली हुई है । माना जा रहा है , कि इन्हीं सुरंगों के अंदर भुस्खलन होने के चलते मकान में दरारें आ रही हैं । बहरहाल मकान में दरार आने के सही कारणों का पता जांच के बाद ही चल पाएगा ।



## एशिया की सबसे बड़ी कोयला खान खोलने के लिए कर रहे प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नवनिर्वाचित सांसद विवेक बंटी साहू ने कोयला श्रमिकों, आमजनों और व्यापारियों में उम्मीद की एक नई आस पैदा कर दी है। यहां आयोजित अपने स्वागत समारोह में उद्बोधन देते हुए उन्होंने कन्हान बचाओ मंच की कोयला खदान बचाओ मुहिम का उल्लेख करते हुए कहा कि इस कोयलांचल में अब कोई खदान बंद नहीं होगी। इसके अतिरिक्त अब इस क्षेत्र में नई कोयला खदाने खोलकर इस क्षेत्र की चमक को फिर लौटाएंगे। इस संदर्भ में दिल्ली पहुंचकर सबसे पहले केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी से की गई चर्चा में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं। जिसका प्रभाव आगामी कुछ दिनों में देखने को मिलेगा। अब हमारी कोशिश इस जिले में एशिया की सबसे बड़ी भूमिगत खदान खोलने की है ।जिसके लिए प्रयास प्रारंभ कर दिए गए हैं। नवनिर्वाचित सांसद विवेक बंटी साहू के इस आश्वासन के बाद कन्हान कोयला मंच ने उनकी इस पहल के लिए उन्हें साधुवाद दिया है।

# दमुआ शहर में वाहन पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं, राहगीर हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

नगर पालिका परिषद दमुआ निकाय क्षेत्र में वाहन पार्किंग की कोई भी व्यवस्था नहीं है बाजार के दिन भी लोग इधर-उधर कहीं भी अपना वाहन पार्किंग करके छोड़ देते हैं जिससे यातायात प्रभावित होता है वह लोगों को अव्यवस्था का सामना भी करना पड़ता है जिसे जहां समझ में आता है लोग वहां अपना वाहन खड़ा कर देते हैं जिसके कारण बड़े वाहनों को आने-जाने में काफी दिक्कत परेशानियों का सामना करना पड़ता है लोग अपना वाहन दुकानों के सामने खड़ा कर देते हैं जिससे नागरिकों को खरीददारी में काफी दिक्कत परेशानियों का सामना करना पड़ता है ठीक उसी प्रकार नगर पालिका परिषद दमुआ के प्रांगण में भी पार्किंग की व्यवस्था तो है परंतु नगर पालिका के कर्मचारी व नागरिक गण जिसे जहां समझ में आता है अव्यवस्थित तरीके से अपना वाहन खड़ा कर देते हैं और नगर पालिका भवन के प्रवेश द्वार को भी अवरुद्ध कर देते हैं।नगर पालिका भवन के ठीक बगल में एचडीएफसी बैंक है जिसके सामने भी लोग बेवजह अपना वाहन खड़ा कर देते हैं जिससे बैंक कर्मचारी व खाताधारियों को आने-जाने में भी काफी परेशानी होती है और बैंक के कर्मचारियों को भी अपना वाहन बैंक तक ले जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है लोग बेवजह प्रांगण में अपना चौपहिया वाहन खड़ा कर देते हैं और वाहन हटाने को कहने पर झगड़ा करने को उतारू हो जाते हैं इस प्रकार की पार्किंग व्यवस्था की समस्या को लेकर दमुआ की जनता का कहना है कि बाजार में पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण लोग दुकानों के सामने अपना वाहन खड़ा कर देते हैं जिसके कारण दुकानदारों को भी काफी परेशानी होती है ग्राहक दूकान तक नहीं पहुंच पाते जिससे उनके सामान की बिक्री ठीक से नहीं हो पाती उन्हें नुकसान झेलना पड़ता है।

### क्षेत्र में आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं

**दमुआ।** भारतीय विशिष्ट पहचान जो की आधार कार्ड है जो कि हर व्यक्ति के पास होना चाहिए इसलिए डाक विभाग पोस्ट ऑफिस दमुआ में निरंतर आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं डाक विभाग के ऑपरेटर द्वारा आधार कार्ड बनाने का कार्य निरंतर जारी है साथ ही शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमुआ में एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदन में आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं समय सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक जिनको भी अपना आधार कार्ड बनवाना हो या अपने आधार कार्ड में कोई सुधार करवाना हो या अपडेट संबंधी कोई आवश्यक सुधार करवाना हो तो वह अपने आवश्यक दस्तावेज जरूरी पहचान प्रमाण पत्र (ओरिजिनल) लेकर निर्धारित समय अवधि में डाक विभाग या स्कूल परिसर पहुंचकर अपना आधार कार्ड से संबंधित कार्य करवा सकते हैं।

### आदिवासी अंचल की बेटी शालिनी डेहरिया ने किया जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन

**चौरई।** चौरई की होनहार बेटी दादा स्वर्गीय मंगल प्रसाद डेहरिया सेवानिवृत शिक्षक के संयुक्त परिवार में पली बढ़ी,चौरई मे जन्मी, छिंदवाड़ा जिले की तहसील अमरवाड़ा के आदिवासी अंचल की एक छोटे से किसान (जिसके पास में ढाई एकड़ जमीन है) अरविंद डेहरिया एव गांव की आशा अनीता डेहरिया की बेटी शालिनी डेहरिया जो की एक छोटे से गांव घुघरला खुर्द (छिंदवाड़ा और



सिवनी जिला की बॉर्डर पर स्थित है) ने देश की एकमात्र संस्था ₹इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंस से मास्टर ऑफ साइंस इन सर्वे रिसर्च एंड डाटा एनालिटिक्स₹ (एमएसडी) में चयन होने से छिंदवाड़ा जिले के साथ-साथ मध्य प्रदेश का नाम भी रोशन किया शालिनी यहां से डाटा साइंस की मास्टर डिग्री प्राप्त करेगी। डाटा साइंस में अध्ययन कराने वाली यह देश की एकमात्र संस्था है, जहां से शालिनी मास्टर डिग्री प्राप्त करेगी। शालिनी का अध्ययन का सफर जिले की चौरई तहसील से शुरू हुआ कक्षा के जी से आठवीं तक की पढाई महात्मा गांधी पब्लिक स्कूल चौरई से की, कक्षा 9वी से 12वीं तक शिक्षा उत्कृष्ट विद्यालय चौरई से शिक्षा प्राप्त की। स्नातक बीएससी मैथ्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा से प्राप्त किया। कोरोना काल की विषम परिस्थित मे चयन परीक्षा में सिलेक्शन होकर देश के सर्वश्रेष्ठ एन आई टी कॉलेज कालीकट से एमएससी इन मैथ्स की डिग्री प्राप्त की।

# पीसीपीएनडीटी की बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय में संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

पी सी पी एन डी टी की बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता पी सी पी एन डी टी समिति के सभापति सौरभ ठाकुर ने की इस बैठक में कई विषयो पर समिति सदस्यों द्वारा चर्चा की गई जो निम्नानुसार है क्लोरिस हॉस्पिटल में डॉक्टर प्रणीत चौधरी के नाम से अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन के नवीन पंजीयन पर चर्चा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरई में डॉक्टर संदीप भट्टराई के नाम से अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन के नवीन पंजीयन पर चर्चा । पी सी पी एन डी टी जिला निरीक्षण दल द्वारा जिले में पंजीकृत निजी सोनोग्राफी सेंटर के औचक निरीक्षण पर चर्चा। की गई । बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का व्यापक प्रचार प्रसार साथ ही आमजन को इसके लिए जागरूक करना और एन जी ओ की सहभागिता से इसकी कार्यशाला आयोजित करना इस बैठक में मुख्य रूप से समिति के सभापति सौरभ ठाकुर,समिति की नोडल अधिकारी डॉक्टर शोभा मोइत्रा ,ज़िला क्षय अधिकारी डॉक्टर अर्चना कैथदास,डॉक्टर जी एस बघेल ,ज़िला स्वास्थ्य सलाहकार समिति सदस्य कृष्णा हरजानी,मीना दुबे,निरीक्षण दल के सदस्य श्रीमति पारुल पांडे,श्रीमति अमिता बरहैया,श्रीमति श्रद्धा जैन,डॉक्टर श्वेता पाठक,श्रवण बंदेवार आदि उपस्थित रहे।

## टिहली बाई विद्यालय में पतंजलि योग समिति द्वारा 21 जुलाई को होगा गुरु पूजन कार्यक्रम

**वारासिवनी।** पतंजलि योग समिति वारासिवनी के तत्वावधान में कल 21 जुलाई 2024 को गुरु पूर्णिमा महापर्व का आयोजन स्थानीय शासकीय टिहलीबाई माध्यमिक विद्यालय परिसर में मनाया जायेगा। इस संबंध में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए योगाचार्य भेजेन्द्र चौधरी ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक चलेगा। जिसमें गुरुपूजन, गुरु दक्षिणा एवं यज्ञ हवन सम्पन्न किए जायेगे। कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रुप में शिक्षक पंचम हनवत एवं सुनीता हनवत उपस्थित रहेगे। बैठक में योगाचार्य भेजेंद्र चौधरी, प्रणय श्रीवास्तव, के के कठौते, प्रदीप खंडेलवाल, गोविंद टेंभरे, धनेंद्र सोनेकर, गणेश ठाकुर, हीरा सिंह, मनीराम बिसेन, सुरेंद्र बिसेन, निलेश नेमा, सुरेश चिमनानी, दिलीप पटले, यश वैश्य आदि उपस्थित रहे। सभी योग कक्षाओं के योग साधक एवं साधिकाएं अपने-अपने योग गुरु का अभिनंदन कर पूजन हवन में प्रातः काल सम्मिलित होंगे। सभी पीले रंग के अंग वस्त्र धारण करेंगे।

## कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार कोवभारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा विश्व में योग, ध्यान, साधना की परंपरा की प्रासंगिगता पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि पीएम श्री उत्कृष्ट महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीआर चंदेलकर ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा का 8-10 हजार साल पुराना इतिहास है। वहीं डॉ. दिनेश मेश्राम आचार्य विपष्यना ध्यान साधना केन्द्र बालाघाट द्वारा भारतीय संस्कृति में मनुष्य को सदैव ध्यान करके ही चित्त का एकाग्र करना चाहिए और सदैव समस्या का समाधान ढूंढने के बारे में जानकारी दी गई। दूसरे मुख्य वक्ता भन्ते महेन्द्र म्यांमार द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत मैडिटेशन की आवष्यकता एवं क्यों करना चाहिए विषय पर अपने विचार रखे। संगोष्ठी के उद्देष्य के बारे में समन्वयक डॉ. सरोज घोड़ेश्वर द्वारा सभी के समक्ष रखा। वहीं प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर द्वारा ध्यान एवं योग को भारतीय परंपरा के संदर्भ में सभी के समझ रखा। संगोष्ठी को सफल बनाने में विशेष सहयोग आईक्यूएसी प्रभारी डॉ.स्वाति खोब्रागड़े, राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष श्रीमती सीमा मिश्रा, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. अनुभूति सेंडीमन, वाणिज्य विभागाध्यक्ष श्री शैलेन्द्र कुमार मेश्राम, और समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

# पीड़ित मानवता के सेवार्थ निःशुल्क नेत्र जांच और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन 22 को

**बालाघाट।** महावीर इंटनेशनल एवं नूतनकला निकेतन बालाघाट द्वारा स्व. कमलादेवी वैद्य, स्व. कस्तूरचंद वैद्य की द्वितीय मास पुण्यतिथि स्मृति में निःशुल्क नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन, बीपी और शुगर जांच शिविर का आयोजन 22 जुलाई को शहर के नूतनकला निकेतन सभागार में किया गया है। शिविर आयोजक मोहनलाल, सोहन वैद्य, रमेश नारद वैद्य, पुखराज वैद्य के सहयोग से आयोजित शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। जिसमें नेत्र विशेषज्ञ डॉ. विजय गांधी नेत्र रोगियों की जांच करेंगे। शिविर में अधिक से अधिक संख्या में लोगों



से उपस्थिति का आग्रह महावीर इंटरनेशनल केन्द्र के अभय सेठिया, सुशील जैन, राकेश सचान, महेन्द्र भाई टांक, प्रणव पटेल, ज्ञानचंद कांकरिया सहित अन्य ने किया है।

बतादें कि महावीर इंटरनेशल केन्द्र बालाघाट द्वारा समय-समय पर नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। मोतियाबिंद के चयनित रोगियों को अपने बूतें ऑपरेशन के लिए जबलपुर भेजकर सफल ऑपरेशन कराया जा रहा है। इसके इतर सिंगल सिंगल यूज प्लास्टिक के रोकथाम को लेकर में मेरा थैला-मेरी सहेली की थीम पर अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पीड़ति मानवता की सेवार्थ निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर आयोजनकर्ताओं का कहना है कि खासकर गरीब मजदूरों के लिए यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमे ऐसे लोगों के आधार कार्ड भी बनाए जाएंगे। जिनके पास आधार कार्ड नही हैं।

## महिला शिक्षकों और छात्राओं की अस्मिता पर खतरा

# बावनथड़ी गुरूकुल शास. उच्च. माध्य. विद्यालय बम्हनी में नहीं है 'शौचालय'

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कुछ वर्ष पहले स्वच्छ भारत अभियान और सिर्फ शौचालय की बात हो रही थी. सरकार से लेकर सरकारी महकमे के अधिकारियों की जुबां पर केवल शौचालय और स्वच्छता का ही जिक्र हुआ करता था. यहां तक की लोगों में जागरूकता लाने के लिए सरकार ने स्कूली विद्यार्थियों के जरिए गांव-गांव में स्वच्छता जागरूकता रैलियां निकलवाई. देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लाल किले की प्राचीर से लोगों से शौचालय का निर्माण करवाने की बात पर जोर दिया. प्रधानमंत्री ने 09 साल पहले लाल किले से एक बेहद महत्वपूर्ण बात कहीं थी. उन्होंने कहा था कि स्वच्छ भारत का एक अभियान 02 अक्टूबर से शुरू करना है और 04 साल के भीतर इस काम को आगे बढ़ाने है. हिन्दुस्तान के सभी स्कूलों में शौचालय का निर्माण करवाना है बच्चियों के अलग टॉयलेट हो. तभी हमारी बच्चियां स्कूल छोड़कर नहीं भागेगी. उन्होंने सभी सांसदों से कहा था कि वह अपनी एक साल की सांसद निधि से स्कूलों में शौचालयों का निर्माण करवाएं, कॉर्पोरेट से ताल्लुक रखने वाले लोगों से अपील की थी कि वह कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत स्कूलों में शौचालयों का निर्माण करवाएं ताकि आगामी यानी दूसरे साल 15 अगस्त तक कोई भी सरकारी स्कूल शौचालय विहीन ना हो।

मगर, आज यह सब बीते दिनों की बातें हो गई है. ऐसा इसलिए क्योंकि आज हम आपको बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी के उस स्कूल से वाकिफ करा रहे है. जहां दैनिक क्रिया के लिए अलग-अलग तो छोड़िए एक शौचालय की व्यवस्था नहीं है. यहां की महिला शिक्षिकाओं और स्कूली छात्र-छात्राओं को दैनिक क्रिया के लिए खुले मैदान यानी की झाड़ियों में जाना पड़ रहा है. जिस कारण उनकी अस्मिता पर हमेशा ही खतरा बना हुआ रहता है. यह निकायाधीन बावनथड़ी गुरूकुल शास. उच्च. माध्य. विद्यालय बम्हनी है. इस स्कूल में एक नहीं बल्कि अनेक कमियां है. लेकिन उन कमियों को तत्काल दूर करने पर सरकार और जनप्रतिनिधियों को चिंता करने की जरूरत है. इसमें प्रमुख रूप से सरकारी या अतिथि शिक्षकों की भर्ती, शौचालय निर्माण, पीने का पानी शामिल है. 290 छात्र-छात्राओं वाले इस स्कूल में बुनियादी सुविधाओं की कमी है. स्कूल के शिक्षकों ने इन बुनियादी जरूरतों की स्वीकृति के लिए कई बार विभागीय स्तर पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से पत्र व्यवहार किया किंतु आज तक किसी ने कोई सुध नहीं ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देश की जनता को सपना दिखाया था कि हर स्कूल में दो शौचालय होंगे. लेकिन उनकी पार्टी की राज्य सरकार बम्हनी स्कूल को एक शौचालय का निर्माण करवाकर नहीं दे पाई. स्कूल की शिक्षिकाएं और छात्राएं दैनिक क्रिया के लिए खुले में जा रही है. खैर, अब भी भाजपा पार्टी के नेताओं के पास अपनी गलती को सुधारने का अवसर है. बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र की सांसद भारती भारती के पास खासतौर से यह मौका है. वह एक महिला है और महिलाओं की उस तकलीफ को आसानी से समझ सकती है।

### छात्राओं ने साझा की तकलीफ

बावनथड़ी गुरूकुल शास. उच्च. माध्य. विद्यालय बम्हनी के विद्यार्थियों ने आज खुलकर अपनी तकलीफों को साझा किया. छात्राओं ने बताया कि शौचालय नहीं होने की वजह झाड़ियों के बीच छिपकर दैनिक क्रिया करनी पड़ती है. स्कूल में शौचालय के नाम पर एक खंडहरनुमा कमरा है. जिस पर छत नहीं है. स्कूल की छात्रा हिमशिखा रावत जो बताती है वह झकझोर कर रख देने वाली बात है. छात्राएं बताती है कि मासिक धर्म के दौरान सर्वाधिक दिक्कत होती है. इस वक्त की तकलीफों को बताने में छात्राएं जरा भी संकोच नहीं करती. उनका कहना होता है कि खंडहरनुमा शौचालय इतना गंदा होता है कि इसका उपयोग करने में भी डर लगता है कि कहीं कोई संक्रमण ना फैल जाए. छात्राओं का कहना है कि सरकार को चाहिए कि उनके स्कूल में एक बेहतर शौचालय का निर्माण करवाया जाए इसके साथ ही सैनिटरी पैड की भी व्यवस्था कराई जाए. छात्राओं की इस मांग का छात्र भी समर्थन करते है. वह कहते है कि स्कूल में अलग-अलग शौचालयों की व्यवस्था होनी चाहिए. उन्हें भी खुले में दैनिक क्रिया के लिए जाना पड़ता है।

### जीएफएमएस पोर्टल पर दर्ज नहीं स्कूल

निकायाधीन बावनथड़ी गुरूकुल शास. उच्च. माध्य. विद्यालय बम्हनी में मात्र 02 सरकारी शिक्षक है. यह दोनों ही महिला शिक्षक है जिन्हें सरकारी आदेश पर अन्य स्कूलों से ट्रांसफर कर यहां पदस्थ किया गया है. शिक्षकों के इस स्कूल में ट्रांसफर को जिला शिक्षा अधिकारी गलत बताते है. शिक्षिका बताती है स्कूल निकायाधीन होने के कारण यहां अतिथि शिक्षकों की भर्ती नहीं हो पा रही है वहीं सरकार से सुधार कार्यक्रम के तहत प्रतिवर्ष मिलने वाली 03 लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी नहीं मिल पाती. जी ए फ ए म ए स पोर्टल पर स्कूल का नाम दर्ज नहीं होने के कारण अतिथि शिक्षिकों की भर्ती भी नहीं हो पाती. मौजूदा वक्त में स्कूल में प्राइवेट शिक्षक सेवाएं दे रहे है. इन शिक्षकों को मानदेय देने के लिए विद्यार्थियों के अभिभावकों से पैसे लिए गए है. शिक्षिकाओं ने बताया कि प्रवेश के दौरान विद्यार्थियों से 02 हजार रुपए अतिरिक्त लिया गया है. इस राशि से कुल 06 प्राइवेट शिक्षक रखे गए है जिन्हें हर माह तीस हजार रुपए चुकाने पड़ रहे है. जुलाई माह की शुरुआत से ही यह भर्तियां की गई।





### कुंए में जमी शैवाल (काई)

स्कूल में पीने के पानी की भी बहुत अधिक समस्या है यहां पर काफी दूर से पीने का पानी लाना पड़ता है. स्कूल के सामने एक कुंआ है जिसकी कई वर्षों से सफाई नहीं की गई. जिस कारण पानी उपयोग में नहीं लाया जाता.

### विधायक ने दिया केवल आश्वासन

स्कूल के शिक्षिकाओं ने बताया कि पूर्व में तत्कालीन अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष और विधायक गौरीशंकर बिसेन को स्कूल के एक कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था और स्कूल भवन की जर्जर हालत और बुनियादी सुविधाओं की कमी से अवगत करवाया गया था. तब गौरीशंकर बिसेन ने जनता के सामने जोश में भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की थी लेकिन आज तक यह राशि नहीं मिली. अब गौरीशंकर बिसेन चुनाव हार गए है. उनकी घोषणा के भरोसे रहना उचित नहीं है. मगर, शिक्षिकाएं यह भी बताती है कि उन्होंने कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी को भी दो बार स्कूल की समस्याओं से अवगत करवाया जिसके बाद विधायक ने उचित कार्रवाई का महज आश्वासन दिया. सर्वविदित है कि विधायक गौरव सिंह पारधी को कटंगी खैरलांजी में दानवीर कर्ण का दर्जा दिया गया था. चुनाव जीतने के पहले वह अकसर छोटे-छोटे आयोजनों पर पानी की तरह पैसा बहाया करते थे लेकिन आज जब वह चुनाव जीतकर विधायक बन चुके है तो छात्राओं की गंभीर समस्याओं पर भी केवल आश्वासन दे रहे है।

### इनका कहना है

बम्हनी स्कूल की शिक्षिकाओं ने अभी हाल ही के दिनों में स्कूल की समस्याओं से मुझे अवगत करवाया है. मेरे द्वारा भी विधायक को इसकी जानकारी दी गई है. स्कूल की समस्या बेहद गंभीर है सरकार को ध्यान देने की जरूरत है.

**चमन डोंगरवार जनपद सदस्य**

मेरी बेटी बम्हनी स्कूल में ही अध्ययन करती है जब वह पहले दिन स्कूल गई और वहां व्याप्त समस्याओं की जानकारी दी तब मुझे बहुत बुरा लगा और अफसोस हुआ कि बम्हनी स्कूल में बच्ची को दाखिला दिलाना एक गलत फैसला था. यहां शौचालय, पीने का पानी नही है विधायक, सांसद और मंत्री को ध्यान देने की जरूरत है।

**जितेन्द्र सिंह रावत अभिभावक**

# प्रतिबंध के बावजूद भी रेत माफिया सक्रिय

# बाढ़ आने से भुमका घाट में रेत भर रहा ट्रैक्टर बहा, बाल बाल बचे मजदूर

## कार्यवाही से बचने मध्य रात्रि के बाद जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर को लेकर फरार, अधिकारी बोले कार्यवाही होगी



**बादलपार पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाली जोगीवाला नेवरी नदी के भूमका घाट में बुधवार की शाम 5 बजे के लगभग अवैध रेत का उत्खनन कर रहे थे इसी दौरान अचानक तेज बारिश होने से बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई जिससे ट्रैक्टर में रेत भर रहे मजदूर अपनी जान बचाकर भागे एवं मजदूर लोग बाहर निकाल कर भाग गए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

तत्पश्चात बताया गया कि नदी में जो ट्रैक्टर बहा था उसे जान जोखिम डालकर एक युवक को नदी में भेजा गया जो ट्रैक्टर से रस्सा में बांधकर रस्सा से कुछ ग्रामीणों के द्वारा ट्रैक्टर को पेड़ में बांधा गया जिसका वीडियो भी जमकर वायरस हो रहा है जिसकी सूचना खनिज अधिकारी को एवं पुलिस चौकी को भी दी गई ।मौका पर खनिज अधिकारी पहुंच कर पंचनामा कार्यवाही की खानापूर्ति कर चले गए। आगे सूत्रों ने बताया कि ट्रैक्टर शुभम मिश्रा चक्की खमरिया निवासी का बताया गया ट्रैक्टर को जप्ती से बचने हेतु जेसीबी मशीन से 4 बजे रात्रि को लगभग ट्रैक्टर को बाहर निकाल कर लेजा लिया गया।




### प्रतिदिन रेत माफिया रातों पर ही करते हैं चोरी

बताया गया कि प्रतिदिन रेत माफिया कार्रवाई से बचने नदी में पानी होने के बावजूद भी रात में में अवैध रेत का उत्खनन कर ले जाते हैं। भगवान का शुक्र करो कि कार्य कर रहे मजदूर समय से पहले ट्रैक्टर छोड़कर भाग गए नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी। घटना की शिकायत मिलने पर 8 बजे मौका पर पहुंचे उस समय पानी अधिक होने पर ट्रैक्टर ट्राली डूबी हुई थी लंबे समय तक ट्रैक्टर निकालने पानी कम होने का इंतजार कर रहे थे मौका पर पंचनामा कार्यवाही की गई वरिष्ठ माइनिंग अधिकारी को जानकारी दे दी गई शुभम मिश्रा चक्की खमरिया निवासी बताया ग्रामीणों ने बताया की रात्रि में ही जेसीबी की मदद पर ट्रैक्टर ट्राली नदी से बाहर निकलकर ट्रैक्टर मालिक ने ले जा लिया उचित कार्यवाही कर मामला दर्ज कर ट्रैक्टर ट्राली जप्त की जाएगी।

### बाढ़ग्रस्त पुलिया से मोटरसाइकिल से पार करते हुए दो लोग बह

केवलारी तहसील अंतर्गत ग्राम बंदेली-अहरवाड़ा के बीच बाढ़ग्रस्त पुलिया से मोटरसाइकिल से पार करते हुए दो लोग बह जाने की खबर प्राप्त हुई खबर प्राप्त होते ही राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग का अमला मौके पर उपस्थित हो गया। जिसमें ग्राम अहरवाड़ा के सतीश खैरवार आगे नाले के किनारे मिल गया किंतु ग्राम अहरवाड़ा के घोसी टोला के प्रेम वंशकार पिता तुलसी अभी नही मिला है। सर्च किया जा रहा है। प्रेम (केसुराम) वंशकार उम्र 40-45 भाई सीताराम , पत्नी, दो लड़का. वही बंदेली के पास अहरवाडा में नाले में आई बाढ़ से बहे दो व्यक्ति में से एक व्यक्ति अभी वर्तमा न में मिल चुका है, और दूसरे व्यक्ति की तलाश जारी है, रात्रि हो जाने के कारण प्रशासन को करनी पड़ रही मशक्कत।

### डायल 100 में ड्यूटी कर रहे आरक्षक पर अज्ञात शख्स ने किया पत्थर से वार

केवलारी। जब केवलारी तहसील ग्राम अहरवाड़ा नाले में दो लोगों की बह जाने की सूचना पर तुरंत मौके में पहुंची डायल 100 उसमे ड्यूटी में तैनात आरक्षक पर अज्ञात शख्स जो की नाले के ऊपर से तेज पानी के बहाव के बाद पार करने की कोशिश कर रहा था जबकि उसी तेज बहाव में इससे पहले दो लोग बह चुके थे, जिसके लिए उगली डायल 100 की ड्यूटी में तैनात आरक्षक शंकर गोपचे मौजूद थे उनके द्वारा उस अज्ञात शख्स को रोकने की कोशिश की गई, पर उस अज्ञात शख्स रुकने की जगह पत्थर से ही आरक्षक पर वार कर दिया जिससे आरक्षक के सिर में गंभीर चोट आई है, जिसका उपचार केवलारी सिविल हॉस्पिटल में जारी है, जहां अनुविभागीय अधिकारी (दंड) एसडीओपी, केवलारी थाना प्रभारी, एवम अन्य पुलिस दल हॉस्पिटल में पहुंचकर आरक्षक के स्वास्थ स्तिथि जानने पहुंचे। अज्ञात शख्स जिसने पत्थर मारा वो नशे में धुत होने के कारण अपना नाम तक नहीं बता पा रहा है, जिसको अभी पुलिस ने हिरासत में ले ली है।

# बिना फिटनेस, इंश्योरेंस के संचालित पाए गए वाहन परिवहन विभाग ने किए जप्त





परिवहन अधिकारी द्वारावाह ... चलानी कार्यवाही

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में परिवहन विभाग द्वारा लगातार नियमविरूद्ध संचालित वाहनों पर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार 19 जुलाई को विभिन्न वाहनों पर चलानी कार्यवाही की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री देवेश बाथम ने बताया कि ने बिना फिटनेस संचालित की जा रही स्कूल बस क्रमांक एपी 22 पी 0369 तथा बिना फिटनेस तथा इंश्योरेंस के संचालित की जा रही 407 वाहन क्रमांक एम पी 20 जी 8074 को जप्त करने की कार्यवाही की गई है। इसके अतिरिक्त वाहन क्रमांक एम पी 21 जी 1353 पर 3000, वाहन क्रमांक एमपी 22 जी 4375 पर 2000 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया है।



## यातायात पुलिस ने की 5 डीजे वाहनों पर कार्रवाई कर लगाया 22 हजार रुपए का जुर्माना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा के मार्गदर्शन में शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने हेतु यातायात पुलिस सिवनी द्वारा निरंतर प्रयास की जा रहे हैं। इसी तारतम्य में ऐसे वाहन जिनका प्रयोग वाहन मालिकों द्वारा डीजे संचालन के कार्यों में किया जाता हैं तथा जिनके द्वारा डीजे संचालन के दौरान वाहनो में परिवर्तन कर साउंड बॉक्सो एवं अतिरिक्त लाइट डीजे के साथ उपयोग करते हुए वाहनों की बॉडी में परिवर्तन कर बॉडी से बाहर लगा लिया जाता है। जो कि मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन है। ऐसे पांच वाहनों पर विगत तीन दिवसों में कार्यवाही की जाकर 22000 का जुर्माना वसूल किया गया। यातायात पुलिस द्वारा भविष्य में भी ऐसे वाहनों पर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। यातायात पुलिस की सिवनी के समस्त डीजे संचालकों से अपील है कि नियम अनुसार ही वाहन में डीजे संचालन करें अतिरिक्त लाइटों का उपयोग न करें।

## मत्स्याखेट प्रतिबंधित अवधि में मत्स्य विक्रय पाए जाने पर की जप्ती की कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संस्कृति जैन के आदेशानुसार 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि के लिए जिले में मत्स्याखेट प्रतिबंधित किया है। बंद ऋतु में किसी भी व्यक्ति द्वारा इन नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो मध्यप्रदेश मत्स्य क्षेत्र (संशोधन) अधिनियम 1981 की धारा-3 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का सश्रम कारावास या 05 हजार रूपये के जुर्माने अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। इसी क्रम में शुक्रवार 19 जुलाई को उप संचालक मत्स्योद्योग द्वारा घंसौर बाजार का निरीक्षण के दौरान मछली विक्रय किया जाना पाए जाने पर लगभग 20 किलो मछली जप्त की है तथा संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की है।

# कलेक्टर सुश्री जैन ने किया छपारा तहसील कार्यालय का निरीक्षण




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने शुक्रवार 19 जुलाई को छपारा तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर सुश्री जैन ने तहसील कोर्ट, रिकार्ड रूम का अवलोकन कर राजस्व प्रकरणों की निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने रिकार्ड रूम के व्यवस्थित संधारण के साथ-साथ राजस्व प्रकरणों को तय समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने राजस्व महाभियान के सफलतम क्रियान्वयन को लेकर भी अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लखनादौन श्री हिमांशु जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# छः वर्ष की मासूम बालिका के साथ गलत कृत्य करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

थाना बरघाट के अंतर्गत प्रकरण को माननीय पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी द्वारा जघन्य सनसनी खेज की श्रेणी में रखा गया था एंव इसकी विवेचना गंभीरता पूर्वक थाना बरघाट के थाना प्रभारी के द्वारा की गई थी, घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि नाबालिग पीड़िता उम्र 6 वर्ष की मां ने थाना बरघाट में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह दिनांक 10.11.2023 को अपने बच्चों को घर में छोड़कर काम करने गई थी, जब वह 2:30 बजे घर आई तो उसकी नाबालिग बेटी ने उसे बताया कि रिश्ते में चाचा लगने वाले आरोपी सुरेन्द्र नेवारे पिता रमेश नेवारे उम्र 25 वर्ष ने उसे घर पर बुलाकर उसे पैसे दिये और उसे गुटका एवं चॉकलेट लाने भेजा जब वह गुटका एवं चॉकलेट लेकर घर पहुंची तो आरोपी ने घर का दरवाजा बंद कर उसके साथ गलत काम किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पुलिस के द्वारा सूचना मिलने पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 609/2023 धारा 323,376AB भादवि एवं धारा 5m,6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो), जिला सिवनी के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। शासन की ओर से श्रीमति दीपा ठाकुर, विशेष लोक अभियोजक सिवनी के द्वारा गवाहो और सबूतो को प्रस्तुत किया गया एंव विधि संगत तर्क प्रस्तुत किए गए एंव आरोपी को कडी से कडी सजा देने एंव पीडिता को प्रतिकर दिलाये जाने की मांग भी की गई । जिला अभियोजन अधिकारी / विशेष लोक अभियोजक के द्वारा विशेष रूचि लेकर गवाहों एवं सबूतों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया एंव तर्क दिया गया कि अभियुक्त के द्वारा मासूम पीडिता के साथ ऐसा घिनौना कृत्य किया जाना समाज में एक बुरे परिणाम की ओर इंगित करता है। जिला अभियोजन अधिकारी सिवनी के सबूतो एवं तर्को से सहमत होते हुए माननीय विशेष न्यायाधीश महोदय द्वारा आज दिनांक 19/07 /2024 को निर्णय पारित करते हुए आरोपी सुरेन्द्र नेवारे को, धारा 376(AB) भादवी में आजीवन कारावास एवं 1000 रु जुर्माना तथा धारा 5M,6 पोक्सो एक्ट में आजीवन कारावास एवं 1000 रु जुर्माना से दंडित किया है।



## आर सेटी द्वारा जिला जेल के बंदियों को दिया गया स्वरोजगार मूलक प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रभारी अधिकारी ने बताया कि सेन्ट आर सेटी सिवनी द्वारा विगत 06 जुलाई से 15 जुलाई 2024 तक 10 दिवसीय प्रशिक्षण जिला जेल नगझर में 25 कैदियों को बैग लिफाफा एवं फाईल बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत सभी को प्रमाण-पत्र भी वितरण किया गया। उक्त प्रशिक्षण में उप जेल अधीक्षक श्री जयसिंह वर्मा, सहायक जेल अधीक्षक श्री कैलाश नेवारे, डी पी एम एन आर एल एम श्री राजेन्द्र शुक्ला एवं आरसेटी निर्देशक श्री कुलदीप सिंह राजू सहित समस्त आर सेटी स्टाप की उपस्थिति रही।

### लेखा प्रशिक्षण 01 अगस्त 2024 से

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रभारी प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर द्वारा बताया गया कि शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में संभाग के समस्त शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये लेखा प्रशिक्षण का नवीन सत्र 01 अगस्त 2024 से से प्रारंभ किया जायेगा। संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों के अधीन कार्यरत नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो म. प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियुक्ति हेतु उल्लेखित अनिवार्य अर्हता पूरी करते हैं एवं सहायक ग्रेड-3 के पद पर एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी कर लिया है ऐसे कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

### रेलवे अंडरपास को शीघ्र ठीक करें -भाकपा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** इस समय सिवनी जिले में भारी बरसात होने के कारण रेलवे के अंडर पास में बहुत ज्यादा पानी भर जाता है ऐसा लगता है कि वहां एक तालाब बन गया है इसमें पानी की निकासी नहीं हो पाती और पूरा पानी रेलवे के अंदर पास रास्ते पर भर जाने से आम जनता का आना जाना रुक जाता है जिससे आम जनता को भारी परेशानी होती है इस स्थिति में नैनपुर से सिवनी , सिवनी से कटँगी होते हुए जाने वाला मार्ग अवरुद्ध सा हो जाता है ग्रामीण जनता यात्रीगण छात्र-छात्राएं ग्रामीण पुरुष और महिलाएं परेशानी से रेलवे के अंडरपास रास्ते से आना-जाना करते हैं तथा उनके वहां साइकिल मोटरसाइकिल जीप कार ट्रैक्टर ट्रक आदि सभी वहीं रुके पड़े रहते हैं और वर्षा रुक जाने के बाद भी जब तक पानी कम नहीं होता तब तक आम जनता परेशान होते रहती है।

## आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के संचालन के लिए डी डी ओ का प्रशिक्षण 24 एवं 25 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिले के समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों के लिए आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के संचालन के लिए 24 एवं 25 जुलाई को प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। ई-दक्ष केन्द्र बींझावाड़ा में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सॉफ्टवेयर अंतर्गत विभिन्न मॉड्यूलों जैसे सर्विसमेटर, पेंशन, एम्पलॉई सेल्फ सर्विस, पे-रोल, रिसिप्ट, एवं डिसबर्समेंट तथा डिपॉजिट से संबंधित प्रशिक्षण जिला कोषालय अधिकारी एवं जिला पेंशन अधिकारी सिवनी तथा उनके दल द्वारा प्रदान किया जावेगा। कलेक्टर सुश्री जैन ने समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु बुधवार 24 जुलाई एवं 25 जुलाई 2024 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक एवं दोपहर 02 बजे से शाम 04 बजे तक उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया हैं।

# फसल क्षति के विस्तृत सर्वे के लिए बीमा कंपनी को प्रतिनिधि नियुक्त करने के निर्देश

**कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने को विगत 10 जुलाई को अतिवर्षा के कारण बाढ़ से प्रभावित तहसील कुरई के 12 ग्रामों को प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित किया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

राजस्व एवं कृषि विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी-कर्मचारियों के प्रारंभिक नेत्रांकन में उक्त प्रभावित ग्रामों में से 09 ग्रामों में 33 से 50 प्रतिशत एवं 03 ग्रामों में 50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होना पाया गया है। जिसके कारण प्रभावित क्षेत्र के ग्रामों में अनुमानित फसल उत्पादन 50 प्रतिशत से भी कम आने की संभावना है। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने प्रभावित क्षेत्रों में फसल क्षति का आंकलन के लिए विस्तृत सर्वे कार्य एवं प्रभावित कृषकों नियमानुसार फसल क्षति बीमा दावा राशि का भुगतान कराए जाने के लिए अनुबंधित फसल बीमा कंपनी एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड को प्रभावित तहसील में अपने कंपनी प्रतिनिधि को नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि सर्वे दल के साथ संयुक्त रूप से फसल क्षति का आंकलन किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### ये भारत देश हमारा है फेम फनकार साबरी आज बालाघाट में



**बालाघाट।** जिले में कौमी एकता के रूप में अपनी पहचान रखने वाले बालाघाट नगर के मेन रोड स्थित दरबार हक्कू शाह बालाघाट के वार्षिक उत्सव के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, इसी तारतम्य में शनिवार 20 जुलाई को रात्रि 9 बजे दरगाह के सामने वाले मार्ग पर कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें देश के वर्तमान समय सबसे लोकप्रिय फनकार रईस अनीस साबरी एवं उनके साथी अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेगें। उनकी देशभक्ति पर आधारित रचना ये भारत देश हमारा एवं दोस्ती से संबंधित कलाम की वजह से इनको जनता के बीच अतिरिक्त लोकप्रियता प्राप्त हुई है। पिछले वर्ष भी इसी उत्सव में उनका आगमन हुआ था जहां उन्होंने अपनी फनकारी से कव्वाली प्रेमी श्रोताओं का दिल जीत लिया था। दरगाह कमेटी ने आव्हान किया है कि कव्वाली प्रेमी श्रोता ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर साबरी की गायकी का लुफ्त उठाये और अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दें।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आंगनबाड़ी सहायिका के सेवा समाप्ति के आदेश जारी

**बालाघाट।** महिला एवं बाल विकास परियोजना बालाघाट ग्रामीण अंतर्गत सेक्टर आंवलाझरी के पुलिस थाना भरवेली में आंगनवाडी केन्द्र 05 में दर्ज बालिका कु. दिपांशी उईके पिता पितेन्द्र उईके के अपहरण संबंधी एफआईआर दर्ज कराई गई थी। जिस पर संचालित आंगनवाडी केन्द्र बालाघाट-38 में कार्यरत आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमति योगिता कावडे तथा आंगनवाड़ी सहायिका श्रीमती उषा कठौते को संलिप्त पाया गया है। वर्तमान में उनके कानूनी अभिरक्षा में होने के कारण तथा लापरवाही व अनियमितता (वित्तीय एवं प्रशासनिक) भ्रष्ट आचरण आदि की शिकायतें प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से प्राप्त होने के बाद संज्ञान मे आने पर परियोजना अधिकारी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से अनुमोदन प्राप्त कर सेवा समाप्त किये जाने के आदेश जारी किये गये है ।

### नकली डीएपी और सुपर फास्फेट की 72 बोरियों को जब्त

# फरार आरोपी एग्रीजोन संचालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पुलिस ने किसानों से नकली खाद, बीज और कीटनाशक दवा मामले में फरार चल रहे आरोपी वारासिवनी थाना क्षेत्र के नरोड़ी निवासी 32 वर्षीय अजय पिता गोमाजी कटरे और खरखड़ी निवासी 27 वर्षीय पौरूष पिता विजय भगत को गिरफ्तार कर लिया है। जो विगत 14 जुलाई से वारासिवनी थाने में दर्ज मामले में फरार चल रहे थे। जिले में अब तक इस मामले में दो अपराध में पुलिस 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

गौरतलब है कि जिले में किसानों को नकली खाद, बीज और कीटनाशक दवाओं को ब्रांडेड कंपनी के नाम से बेचकर धोखाधड़ी करने वाले एग्रीजोन कृषि केन्द्र संचालक नरोड़ी निवासी अजय कटरे, खरखड़ी निवासी पौरूष भगत और जुबिलेंट एग्री एंड कंजुमर प्रा.लि. सिंहपुर राजस्थान व बायो फर्टिलाइजर्स परमालकसा राजनांदगांव के खिलाफ वारासिवनी पुलिस ने कृषि विभाग के महिला अधिकारी की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच में लिया।

जबकि जिले में 13 जुलाई को सामने आए पहले मामले में वारासिवनी क्षेत्र के कोस्ते में मुनेश चौहान के घर से कृषि विभाग की टीम को पुलिस की मदद से 2 वाहन के माध्यम से खाली हो रही और भंडारित की गई नकली डीएपी और सुपर फास्फेट की 72 बोरियों को जब्त किया था।जिसमें कृषि विभाग के अधिकारी की शिकायत पर वारासिवनी पुलिस ने उर्वरक निर्माण कंपनी देवास के साथ ही सिद्धि विनायक कृषि केंद्र वारासिवनी के संचालक दीक्षांत जैतवार, मुनेंद्र चौहान और अजित रमेश के खिलाफ एफआईआर कराई गई थी। जिसमें पुलिस ने चार आरोपियों को 54 वर्षीय रमेश अजीत, 24 वर्षीय दीक्षांत जैतवार, 33 वर्षीय विनय बिसेन और 32 वर्षीय अजय कटरे को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया था।



वारासिवनी थाना प्रभारी बीमेंद्र टांडिया ने बताया कि नकली खाद, बीज और कीटनाशक मामले में अपराध दर्ज होने के बाद आरोपी फरार चल रहे थे। जिन्हे वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




जिले के बहेला थाना अंतर्गत बाघाटोला में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि युवती घायल हो गई। घायल युवती को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। घटना शुक्रवार दोपहर लगभग 3 बजे की है। इसके बाद घटना की सूचना बहेला थाना को दी गई।

घटना की जानकारी मिलने के बाद बहेला थाना सउनि. विज्जु वामन और आरक्षक राजकुमार सिसोदिया, ग्राम पहुंचे और मृतिका 48 वर्षीय तोमेश्वरी पति राधेश्याम नारनौरे का शव बरामद कर उसे पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। जबकि घायल युवती 20 वर्षीय आशा पिता गुनीराम गायकवाड़ को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बहेला पुलिस ने बताया कि जिस वक्त घटना हुई, उस वक्त महिला और युवती खेत में परहा (धान का रोपा) लगा रही थी। इसी दौरान एकाएक मौसम खराब होने पर आकाशीय बिजली गिरी। जिसकी चपेट में आने से महिला तोमेश्वरी की मौत हो गई, जबकि युवती घायल हो गई। घायल युवती सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार चल रहा है। मृतिका महिला का पीएम शनिवार को किया जाएगा।

# विधिक साक्षरता शिविर एवं पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश चंद्र थपलियाल के मार्गदर्शन में निजी शिक्षण संस्था में विधिक साक्षरता शिविर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री सुरेन्द्र सिंह गुर्जर जिला न्यायाधीश व सचिव द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजना (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवा) योजना 2015, मोटरयान अधिनियम के प्रावधान, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के प्रावधानों के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही मध्यस्थता योजना एवं भारतीय संविधान में उल्लेखित मूल अधिकार एवं मूल कर्त्तव्य के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। वहीं शिविर में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे द्वारा साइबर अपराधों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही भारतीय न्याय संहिता, लोक अदालत एवं पॉक्सों अधिनियम के प्रावधानों से भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। इसके अलावा उन्होंकने गुड टच बेड टच एवं नशे के दुष्परिणामों के संबंध में भी जानकारी प्रदान की तथा पंच-ज अभियान अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। शिविर में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. वेंकटा एल तल्लुरी एवं शिक्षक-शिक्षिकाएँ, डिफेंस कांउसिल से चन्द्रेश नागेश्वर, पैरालीगल वालेन्टियर सुश्री कमर सुल्ताना, विधि छात्राएँ एवं अधिक संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान में लापरवाही बरतने पर दो डाक्टरो को शोकॉज नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत स्त्री एवं प्रसूति रोग सेवायें प्रदान करने में लापरवाही बरतने पर 02 डॉक्टर्स को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार अभियान अंतर्गत प्रत्येक माह की 09 एवं 25 तारीख को जिले की स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं दूरस्थ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचकर गर्भवती महिलाओं तथा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओ को विभिन्न सेवाओं की उपलब्धता कराई जाती है। डॉ. रश्मि बाघमारे एवं डॉ. रितिका राणा को दी गई जिम्मेदारियों के वहन में लापरवाही बरती गई है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा शोकॉज नोटिस जारी किया गया है।




### इस लापरवाही पर हुआ नोटिस जारी

09 जुलाई 24 को अभियान अंतर्गत डॉ. रितिका राणा को सुबह 10 बजे सिविल अस्पताल बैहर में जांच उपचार के लिए उपस्थित होने के लिए आदेशित किया गया था। साथ ही 37 गर्भवती महिलाओं के परीक्षण के लिए निर्देशित किया गया था। इस ड्यूटी के लिए उन्हें 5 बजे तक स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित रहना था। जिसमे लापरवाही बरतते हुए डॉ. राणा ने 10 बजे की जगह 12:30 बजे अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं 37 में से केवल 17 गर्भवती महिलाओं का परीक्षण कर 01 घंटे अपनी उपस्थिति देकर 1:30 बजे बिरसा के रवाना हो गई।

इसी तरह डॉ. रश्मि बाघमारे को 09 जुलाई 24 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा में उपस्थित होना सुनिश्चित किया गया था। किंतु उनके द्वारा सुबह 10 बजे की जगह दोपहर लगभग 1:30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरसा में उपस्थित हुई तथा अस्पताल में उपस्थित 19 गर्भवती महिलाओं में से केवल 09 गर्भवती महिलाओं का परीक्षण करने के उपरात मात्र 30 मिनट सस्था में उपस्थित रहकर आप दोपहर लगभग 2:00 बजे बिरसा अस्पताल से वापिस रवाना हो गई। जिसके फलस्वरूप दोनों ही डॉक्टर्स को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है।

# एक पेड़ मॉ के नाम में लीची का किया पौधरोपण

**बालाघाट।** शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा में शुक्रवार को लेफ्टिनेंट कर्नल श्री विनीत कमल गुप्ता की उपस्थिति में 6 एमपी(आई) एनसीसी बालाघाट की जूनियर डिवीज़न-जूनियर विंग्स यूनिट के द्वितीय बैच के लिए एनरोलमेंट चयन प्रक्रिया संपन्न की गई। लेफ्टिनेंट कर्नल श्री गुप्ता नें संस्था के प्राकृतिक वातावरण से पूर्ण परिवेश की प्रशंसा करते हुए भारतीय सेना में अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किये एवं सभी कैडेट्स को एनसीसी के महत्त्व, अनुशासन, नियमों एवं भविष्य में लाभ से भी परिचित करवाया। इस दौरान उन्होंने एक पेड़ मॉ के नाम अभियान अंतर्गत फलदार पौधे लगाने का संकल्प लिया व संस्था प्रांगण में लीची के पौधे का रोपण भी किया। इस दौरान जेसीओ श्री जोगिंदर कुमार एवं एचएवी श्री हंसराज के द्वारा द्वितीय बैच के लिए हुई एनरोलमेंट चयन प्रक्रिया प्रारंभ कराई गई। जिसमें प्रथम चरण में हुई 100-200 मीटर दौड़ से चयनित छात्र-छात्राओं का द्वितीय चरण में विभिन्न मापदंडों के आधार पर जूनियर डिवीज़न-जूनियर विंग्स यूनिट के लिए चयन किया गया। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रहीं।




### 30 जुलाई तक किये जायेंगे रजिस्ट्रेशन

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और आदर्श परिवार एवं आधुनिक नालंदा के डायरेक्टर परीक्षित भारती के संयुक्त तत्वाधान एवं मार्गदर्शन में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं के लिए यूपीएससी एवं एमपीपीएससी की निःशुल्क कोचिंग क्लासेस बालाघाट में शुरू की जा रही है। इसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय के हॉल क्रमांक-1 में 30 जुलाई तक किया जा सकता है।

# पार्सल भेजने के नाम पर ठगे 1 लाख 63 हजार, युवती ने साइबर थाने में मामला दर्ज कराया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट मुख्यालय के बूढ़ी निवासी ने गुरुवार को साइबर नोडल थाने में 1 लाख 63 हजार रूपए की ठगी की शिकायत की है। साइबर नोडल थाना आरक्षक चांदनी शांडिल्य ने बताया कि युवती की ठगी की शिकायती आवेदन पर जांच की जा रही है।

युवती ने बताया कि मेरी बहन की इंस्टाग्राम पर दुबई के एक युवक से पहचान हुई। जिसके बाद दोनों के बीच दोस्ती होने के बाद वॉट्सएप पर बात होने लगी। जिसमें युवक ने दुबई मुद्रा उपहार स्वरूप भेजने का वादा किया।

इसके बाद पिछले दिनों उन्होंने न्यू दिल्ली से किसी कस्टम अधिकारी के नाम से फोन आया। जिसमें उन्होंने बताया कि 10 हजार दुबई मुद्रा का पार्सल आया है, जिससे भारतीय मुद्रा में परिवर्तित करने के लिए 1 लाख 63 हजार रूपए की डिमांड की गई।

जिस राशि को बहन, मेरे और सहेली के खाते से ऑनलाइन दिए गए खाते में भेजे गए। लेकिन उसने कोई राशि नहीं भेजी। फिर 31 हजार रूपए की डिमांड करने लगा। इसके बाद हमें शक हुआ कि हमारे साथ ठगी हुई है। जिसकी हमने शिकायत साइबर नोडल थाना में की गई है।

जिले में ऑनलाइन ठगी के मामले में तेजी से बढ़े हैं। साइबर नोडल थाना आरक्षक चांदनी शांडिल्य की मानें तो ऑनलाइन राशि ट्रांसफर को लेकर हम लोगों को जागरूक करते रहते हैं। बावजूद लोग अनजान कॉल, लिंक और लालच में अपनी राशि गंवा रहे हैं।

जिसको लेकर लोगों को जागरूक होना होगा। जिसके लिए किसी भी अनजान नंबर, लिंक या लुभावने लालच में ना आए और सुरक्षित तरीके से ऑनलाइन पेमेंट सुविधा का उपयोग करें।

# जिले में 10 हजार सदस्य बनाएगा विद्यार्थी परिषद, कार्यशाला में सदस्यता लक्ष्य पर फोकस

**बालाघाट।** जिले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, 10 हजार सदस्य बनाएगा। यह लक्ष्य 19 जुलाई को नगर के निजी हॉटल में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदस्यता कार्यशाला में तय किया गया।

कार्यशाला में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सहसंगठन मंत्री मनोज यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं का यह दायित्व है कि जिले के प्रत्येक केंपस में विद्यार्थी परिषद के रूप मे एक राष्ट्रवादी छात्र शक्ति खड़ी हो।

विद्यार्थी परिषद जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें जिले के बालाघाट, लामता, लालबर्रा, वारासिवनी सहित संपूर्ण जिले से विद्यार्थी परिषद के दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित थे। संयोजक आदित्य अग्रवाल ने बताया कि विद्यार्थी परिषद प्रत्येक वर्ष अपना वृहद सदस्यता अभियान चलाता है। विगत वर्ष विद्यार्थी परिषद पे जिले भर में 6000 सदस्य बनाए थे। जबकि इस वर्ष जिले में 10 हजार विद्यार्थियों को विद्यार्थी परिषद से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया है। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री धीरज मात्रे ने किया।



### 28 जुलाई को आम सभा का आयोजन कर आप कार्यकर्ता साइकिल से दिल्ली रेल मंत्रालय होंगे रवाना

# एक माह के अल्टीमेटम के बाद भी रेलवे से नहीं आया जवाब

**रेलवे प्रशासन ने आम आदमी पार्टी के मांगों को लेकर अब तक नहीं दिया कोई जवाब**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट रेलवे स्टेशन से सुबह 6 बजे गोंदिया के लिए ट्रेन दिए जाने, स्टेशन से होकर गुजरने वाली सभी ट्रेनों को टाइम टेबल के अनुरूप चलाने और यात्री ट्रेनों सहित जिले के विभिन्न स्टेशनों में निहित अव्यवस्थाओं में सुधार लाने संबंधी मांग आम आदमी पार्टी जिला इकाई द्वारा करीब 1 वर्ष से की जा रही है। लेकिन अब तक उनकी मांग पर रेलवे प्रबंधन द्वारा ध्यान नहीं दिया गया है। अपनी इन्हीं मांगों को लेकर कुछ दिन पूर्व किए गए आंदोलन के बाद आम आदमी पार्टी द्वारा पिछले माह 18 जून को रेलवे मंत्रालय के नाम एक ज्ञापन सौपा गया था। जहां सुबह की ट्रेन सहित अन्य मांगों को पूरी करने के लिए एक माह का अल्टीमेटम देकर मांग पूरी न होने पर एक माह बाद बालाघाट से रेल मंत्रालय को दिल्ली के लिए साइकिल यात्रा निकालने की चेतावनी दी गई थी लेकिन इस चेतावनी को बीते एक माह पूर्ण हो गया है बावजूद इसके भी रेलवे प्रशासन द्वारा अब तक इन मांगों को लेकर कोई जवाब नहीं दिया गया है। जिस पर अपना एतराज जताते हुए अब आप कार्यकर्ताओं ने 28 जुलाई को नगर के काली पुतली चौक में एक आम सभा का आयोजन कर वहां से रेल मंत्रालय दिल्ली के लिए साइकिल यात्रा निकालने का ऐलान किया है जिसकी सूचना उन्होंने स्टेशन प्रबंधक के एम चौधरी को ज्ञापन के माध्यम से दी है। जिन्होंने ट्रेनों से जुड़ी इस समस्या को लेकर साइकिल से दिल्ली रेल मंत्रालय का सफर करने का ऐलान करने के साथ ही सांसद श्रीमती भारती पारधी और रेलवे सलाहकार बोर्ड समिति सदस्यों पर भी जमकर निशाना साधा है। उन्होंने बालाघाट के लिए वंदे भारत ट्रेन की मांग करने की जगह, पहले गोंदिया के लिए सुबह बालाघाट स्टेशन से ट्रेन मांगने और अन्य कार्य प्रणाली में सुधार करने की मांग किए जाने की बात कही है। रेलवे प्रबंधन स्टेशन प्रबंधक को सौंपे गए, ज्ञापन के दौरान आम आदमी पार्टी के जिला कार्यक्रम प्रमुख मनोज पमनानी, संयुक्त सचिव ओमप्रकाश जायसवाल, सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश नायडू सक्रिय कार्यकर्ता ज्ञानेश राणा, मनोज चौहान, विजय नागदेवे, अंकित जैतवार, रमेश लिल्हारे, भावेश लिल्हारे, भुवनेश्वर दशहरे, सूरज सोनवाने सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नेतागण व सरकारी कर्मचारी अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाकर एक मिसाल पेश करें: हेमंत साहू

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



शिक्षा समाज को ज्ञानवान, सशक्त,समृद्ध,और सुखी बनाती है। शिक्षा समाज में सामाजिक न्याय,समानता,एकता और शांति को बढ़ावा देती है। शिक्षा समाज में गरीबी, अशिक्षा, अज्ञानता, अन्धविश्वास और अन्य सामाजिक बुराइयों को दूर करने में मदद करती है।शासन के द्वारा शिक्षा पर पुरजोर ध्यान दिया जा रहा है। सरकारी स्कूलों को लगातार हर सुविधाएं दी जा रही है, नवाचार किया जा रहा है। बच्चों में शिक्षा रुचिकर बनाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है।कुछ सरकारी स्कूल शासन के मापदंड के अनुरूप खरे भी उतरे हैं। आज शासन के द्वारा पीएम श्री विद्यालय, सी एम राइज विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय, मॉडल स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर, आश्रम जैसे अनेक सरकारी विद्यालय के माध्यम से बच्चों के भविष्य संवारने की कोशिश की जाती रही है।लेकिन धरातलीय वास्तविकता तो यह भी है कि जो आशानुरूप परिणाम चाहिए वो नही मिला है।केवल अधोसंरचना विकास ही शिक्षा का विकास नहीं है।अधोसंरचना के साथ ही शिक्षक और बच्चों के नियमित उपस्थिति,अध्ययन और अध्यापन कार्य भी उच्च स्तरीय होनी चाहिए।आज इस बात को कोई इंकार नहीं कर सकता है कि अधिकांश सरकारी शिक्षकों के बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे हैं।जबकि यही शासकीय शिक्षक पालकों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाने के फायदे बताते फिरते हैं। अभिभावकों से आग्रह करते है कि अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में जरूर पढ़ाए कितना अच्छा होता जब नेतागण व सरकारी शिक्षक, अधिकारी /कर्मचारी अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाकर नई मिसाल पेश करते। समाज और गांव में एक नया उदारहण पेश करते जिस दिन सरकारी शिक्षक और नेता अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाने लगेंगे उसी दिन से सरकारी स्कूलों का कायाकल्प बदल जाएगा।आज सरकारी स्कूलों की स्थिति से हर कोई वाकिफ है।कहीं किसी स्कूल की छत टपकती है तो कहीं पीने की पानी की व्यवस्था नही,तो कहीं बालक,बालिकाओं के लिए शौचालय नहीं,कहीं स्कूल भवन अत्यंत जर्जर स्थिति में तो कहीं स्कूल भवन ही नहीं है,कहीं मध्यान भोजन में गुणवत्ता में कमी।

अगर ऐसी स्थिति में नेता और शिक्षकों के बच्चे पढ़ेंगे और घर जाकर अपने अपने पालकों को स्कूल की दयनीय स्थिति के बारे में बताएंगे तो कहीं जाकर नेता और सरकारी कर्मचारी इस व्यवस्था को सुधारने के लिए आगे आएंगे। जब हम अपने घर की टपकती छत में थोड़ी देर के लिए नही रह सकते तो बच्चें कैसे दिन भर स्कूल समय में उसी टपकती छत और जर्जर भवन के नीचे बैठ पाते होंगे। कभी भी अनहोनी होने का डर बना रहता है।

आज सरकारी स्कूलों में मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चें पढ़ते हैं। घर वाले अपने जरूरी कामकाजों से दिन भर बाहर रहते हैं।शाम को अपने बच्चों से यह भी नहीं पूछ पाते हैं कि आज स्कूल में पढ़ाई हुई कि नही मध्यान्ह भोजन में क्या खाए गृह कार्य क्या मिला? इसके विपरित नेतागण और सरकारी कर्मचारी रोज सुबह शाम अपने बच्चों को पढ़ाई के बारे में पूछते रहते हैं।उन्हे स्कूल छोड़ने और लेने भी जाते हैं। उन्हे प्राइवेट स्कूल की हर एक गतिविधि के बारे में जानकारी होती है।काश सरकार यह नियम बनाती कि सभी सरकारी कर्मचारी और नेतागण अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में ही पढ़ाएंगे।

दूसरों के बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाने के लिए प्रेरित करने से पहले खुद इसे अमल में लाना चाहिए। नेतागण,सरकारी कर्मचारी और अमीर घर के बच्चें बड़े बड़े प्राइवेट स्कूलों में तो वहीं गरीब के बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ रहे हैं। शिक्षा में भी अंतर देखने को मिल रहा है।प्रतियोगिता बढ़ते जा रही है। जिसमें आज भी प्रतिभागियों की दो अलग अलग कतारें देखने को मिलती है। सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाना चाहिए। केवल अंको के आधार किसी की सफलता को दर्शाया नही जा सकता।शिक्षा में पैर पसारे हुए असमानता को दूर करने के लिए एक साहसिक कदम उठाने की अति आवश्यकता है। जनपद पंचायत बिरसा के उपाध्यक्ष हेमंत साहू अपील करते हैं कि सभी नेतागण और सरकारी कर्मचारियों को अपने अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिल कराकर एक अनुकरणीय उदाहरण पेश करना चाहिए।

सभी से विनम्र अपील है कि उदाहरण केवल किताबों में नही बल्कि अपने जीवन में भी होना चाहिए,अपने अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में जरूर दाखिल कराएं। आपके बच्चें और सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले सभी बच्चें एक समान है। अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिल कराकर समाज गांव क्षेत्र शिक्षा जगत राज्य और देश में आप एक अनुपम उदाहरण बन सकते हैं। एक गौरव का पल जीवन काल में और जुड़ जायेगा।